Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide funds under MPLADS to fence the agricultural land for protection of crop from monkeys and stray animals.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान हिमाचल प्रदेश के उन गरीब किसानों की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं, जिनके पास छोटा जमीन का टुकड़ा है, लेकिन वे अपनी मेहनत के कारण अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। पिछले कुछ वर्षों से बंदरों की समस्या बहुत बढ़ गई है। बेसहारा पशुओं के कारण उनकी फसलें तबाह हो जाती है। अब आतंक यहां तक फैल गया है कि बंदर आम आदमी को जीने नहीं देते हैं और बेसहारा पशु भी उनकी फसल बर्बाद करते हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि मनरेगा में वहां के लोगों को अपनी जमीन की देखभाल करने का प्रावधान करना चाहिए और एमपी लैड से कंटीले तार लगा कर उनकी जमीन को बचाने का प्रयास करना चाहिए।

आपने मुझे अपनी बात कहने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आपको और सदन के सारे सदस्यों को नव वर्ष की अग्रिम बहुत-बहुत बधाई। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री गणेश सिंह और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।